कवि कृष्णदत्त कृत

# प्रताप प्रकास

# PRATAP PRAKASA

By **Krishnadatta Kavi**

(A contemporary account of life in the royal court at Jaipur in the late 18th century)

*Edited with annotations*

*by*

GOPALNARAYAN BAHURA

*With a Note on Arms & Weapons by :*

Y. SAHAI

MAHARAJA SAWAI MAN SINGH II MUSEUM
CITY PALACE, JAIPUR

## PLATES :


| | |
|---|---|
| Maharaja Sawai Pratap Singh | Cover page |
| Maharaja Sawai Man Singh II | after the inner title |
| Maharaja Sawai Pratap Singh | after glossary |
| (a) First folio of the ms. of *Pratapa Prakasa* S. Pratap Singh. | after the portrait of |
| (b) Last folio of the ms. of *Pratapa Prakasa* | |


**Other Plates :**


| | |
|---|---|
| I | Diwan khana |
| II & III | Mirfarsh and floor candle lamps |
| IV & V | Sarvatobhadra and *Indragaj* elephant |
| VI | Courtesans of royal *majlis* |
| VII | *Kilava* elephant riding |
| VIII | Mahadji Sindhia |
| IX | Daulatram Haldia |
| X | Nawab Hamdani |
| XI | Agreement by Nawab Hamdani |


# INTRODUCTION

Life in Jaipur court has been colourful yet disciplined. The king performed all his duties with assiduous devotion as expected from a true Kshatriya ruler trained in the Hindu tradition; yet he had time enough to attend to rituals and religious performances and to encourage the development of all kinds of creative and performing arts. This daily routine was formulated by Maharaja Sawai Jai Singh by combining the pattern of imperial life in Agra and Delhi with the traditional Hindu ideals and it was followed by all his successors since the foundation of the city of Jaipur in 1727 except in times of warfare and emergency. The subordinate rulers, nobles and jagirdars also followed the same pattern of life with suitable alterations according to their status and means.

A contemporary and romantic account of life in Jaipur court during the time of one of the most illustrious rulers of Jaipur–Maharaja Sawai Pratap Singh - is preserved in a composition of his court poet Krishnadatta Kavi. From this we get a detailed description of the Chandra Mahal palace, of its spacious halls and buildings, of the grand durbars, fairs and festivals as well as intimate details of the daily routine of the Maharaja. We also hear the names of important nobles and courtiers and a good deal of the ways and dealing of the king and his entourage.

The work—*Pratap Prakash* (ms. no. 2148 K.M.) is written in *Dhundhari* prose in the form of a dialogue between the Maratha Chief Peshwa Baji Rao II (1795–1818) and poet Krishnadatta. On the former's enquiries the poet draws a graphic pen picture of his patron Sawai Pratap Singh and life in Jaipur court under him.

The manuscript was contemporarily written by Gulab Mahatma and completed on Phagun Budi ~~8,~~ 8 Saturday, 1859 V.S. It measures 23×18 cms., carries 17 lines to a page and 22 letters per line in 19 folia.

It so happened that the poet once travelled to the Deccan where the Peshwa ruled as sovereign of that great kingdom. As he

was from Jaipur the poet was received with due cordiality in the court. Introducing himself he stated that he was well-versed in *Amarakosha, Alankaras* and *Nayaka-nayikabheda*. Then he read out some verses composed by himself in praise of Maharaja Sawai Pratap Singh.

Being pleased with his poetic brilliance, the Peshwa enquired about the ancestry of the Kachhawaha kings and the distinguished rulers who took birth in that line.

**Early History**

The early history of the Kachhawahas is shrouded in mystery yet some family bards, poets and court-historians have endeavoured to link up the dynastic names of their patrons right up with Narayana and Brahma following the *Pauranika* genealogies. Kavi Krishnadatta cleverly evades from all controversies and acquaints the Peshwa in brief with the ancestry of his hero in all the four *yugas* viz. *Satyayuga, Treta, Dvapara* and *Kaliyuga*.

He says, "Only the thousand-headed *Shesha* or *Narada* can describe the lineage of this race. No poet or pandit is competent to do so. I shall try to say something as I have heard and seen with my own eyes."

"The family starts from Brahma, Kashyapa and the Sun. In *Satyayuga*, Dhundhumara and Mandhata were *Chakravartins* (sovereigns) and there was Bhagiratha who brought Shri Ganga on the earth. In *Treta* kings Dilipa, Raghu, Aja and Dasharatha were born and the family was exalted by the birth of Shri Ramachandra, the incarnation of God, who built a bridge over the sea and installed Vibhishana as king of Lanka after killing Ravana. King Asivarma and Prashasvata of the *Dvapara* age are well known in the *Puranas*. I have given this description in short."

compare Bangha p. 313

"In *Kaliyuga* Raja Dulaharai established his kingdom in the Dhundhara region after killing the Dhundha demoness. Then there was Raja Pajjauna who gained victory over Gujarat and realized tributes from Gori Padshah .Raja Prithviraja was a great devotee of Hari. He established the twelve *Kotaris* or the twelve subdivisions



of the Kachhawaha chiefship. Raja Man Singh was an all round hero. He won twenty-two battles and washed his sword in waters of the sea. He also brought goddess Shiladevi from the depths of the ocean and gifted seven crores of rupees to the bards before his morning ablutions. His Maharajakumara (prince) Jagat Singh killed Isa Khan in the east and gave away three hundred elephants in gift. His son Raja Maha Singh was illustrious. Mirza Raja Jai Singh, his son, founded Jaisinghpuras near the great cities and at religious centres in the country. Prince Shuja was put to flight by him. It was he who succeeded in sending the rebel Siva (Shivaji) to the imperial court. His son, Ram Singh rescued Shivaji from the clutches of the emperor." At this point the Peshwa was struck and he looked at Nana Fadanavis, his minister, who said, "It is true, so great is the house of the Kachhawahas." The poet continued, "His Maharajakumara, Kishan Singh was chivalrous. Vishnu Singh, his son, subdued the Jats of the Vraja and established his supremacy over them. Sawai Jai Singh founded Jaipur city, performed *Ashvamedha* sacrifice and got the *jajiya* tax abolished in Delhi. Madho Singh, his son, saved the life of Mansur Ali in the disturbances created by Gaziuddin Khan. He occupied the fort of Ranathambhor and devasted Jawaharmal Jat. Now Maharaja Sawai Pratap Singh occupies the *gaddi* and the radiance of his heroism spreads all over the world."

**Daily life of Sawai Pratap Singh**

The character of a man can be judged best from his daily routine of life which is called *achara* in the *Dharmashastras*. Purity of *achara* is regarded as the first condition of *Dharma* (righteousness). *Achcrah prathamo dharmah*. The character of the ruler is the best scale to determine the morale of his people as the common folk always follow the example of the highest. 'यद्यदाचरति श्रेष्ठ-स्तत्तदेवेतरो जनः'. The Peshwa, quite shrewd as he was, now expressed his curiosity to know about the daily life of Pratap Singh. The poet continued, "The minstrels start singing in praise of the family quite early before dawn. The king, having heard it, rises in the hour of Brahma (*Brahmamuhurta*). He meditates on his *guru* (the Lord) and places his (left) foot on the earth after having a *darshan* of the

sacred cow and performing *chhayadana*. Then he sits on a *chowki* (stool) studded with jewels and washes his mouth. The petitioners submit their appeals and the artistes give performance to the *padas* (verses) composed by himself (the king) in *Vibhasa* and *Bhairavi raginis*. He then attends to his daily morning duties. Arrangements for his bath are made. Waters brought in *kavads* from Triveni, Gomati, Gangasagara, Hariharakshetra, Godavari, Avantika, Avadha, Pushkara and the Jamuna under strict guards, are placed for ablutions. Having taken his bath he attends to the worship of *Panchayatana* with Vedic hymns. Then he distributes the daily (regular) gifts among Brahmins and pandits who come to receive them from far off Kashi and Kashmir".

"The king then prepares to dress himself. The *khawasas* (personal attendants) put forth various sets of dresses arranged in trays. The Maharaja chooses one to his taste, puts it on and starts for Shri Govindadevaji's *darshana*. Chiefs from different places, his kinsmen, *tazimi* and *khaschowki sardars*, pandits, poets and bards stand in rows to pay respects and offer blessings to the king who sets out seated in a handcart. After receiving them he proceeds for *darshana* accompanied by all of them *via* Chandramahal and Jainivasa".

The Peshwa asked—"What is Jainivasa?" The poet explained, "Jainivasa is a garden a match of which is not to be found on the earth. It is rich with the rarest trees and plants of *chandana* (sandal-wood), *agaru* (aloe), champa (michelia champaca), *bakula* (mimusops elengi), *badama* (almond), *jamun* (jambo), *nimbu* (lemon), *amala* (emblic-myrobalan), *aam* (mango) and *siron* (acacia sirissa) etc. Waters flow and the fountains play when the king moves in procession on the *dhaap* (pavements) on either side of the artificial stream. Thus he goes to Shri Govindadevaji's temple where he offers *bhet* (in cash) and has *darshana* of the deity. The priest (*Goswami*) waves the row of light (*arati*) and sprinkles the sacred water from the conch on him. The king then goes round the temple and prostrates before the deity. Then he takes his seat there for a while."

"The *Darogha* (superintendent) of *Filkhana* (Department of elephants) would then come and request respectfully about some



elephants in rut, who have gone out of control. He seeks orders for arranging an elephant fight."

"The king proceeds to *Moti Burj* through a covered passage (*surang*) seated in a handcart. The elephants salute him by raising their trunks. Then they become ready for a fight in the *agada*. Thousands of people assemble to see the fun. The lashbearers, fire-shooters and *Bhois* move about."

"After watching the fight he comes through the *surang* to *atish* (the royal stables) for horse-riding. The royal horses of different kinds (breeds) stand ready. They are *Airabi, Iraqi, Kandhari, Turki, Bhutani, Goontha, Kabuli, Khurasani, Dariyayi, Kathiawadi, Bhiwarathadi* etc. They can cross waters easily. They are of *nila* (blue), *kumait* (dark red), *moti* (pearl), *siraji, mahuwa, phoolwari, garada, sandali* (of sandal colour), *lakhi, mushki, sirga, teliya* (oily) and many other colours. Their hoofs are deep like bowls, ears like *siah gosh*, tails are raised and they are short necked, with broad breasts and are loyal to their master. They are harnessed with saddles studded with gems. The king and his associates ride on such horses and play the game of *chaughan* (polo). If a horse is appreciated by some noble or his kinsman the king bestows it on him."

The king then retires to his palace. After he has taken rest for a while the *darogha* (of the kitchen) makes a request for luncheon. It is accordingly served. The Maharaja sits in *mangaskhana*, an apartment covered with mosquito-nets, so that no flies or insects may enter into it. The nobles and kinsmen take their seats on either side. Betels are served when the luncheon is over."

"Orders are then issued for arrangements of the general (public) durbar. The *darogha* conveys information to all *deorhis* (gates of the palace). Hundreds of *naqibs* (runners) run off to intimate the *rajas* of different places, nobles and others belonging to the king's clan. The *Sabhanivasa* (durbar hall) is furnished with seven coloured durries and sheets, as white as moonlight, are

spread over them. *Mirfarshas* (weights) studded with gems are put to press the corners of the floor-spreads. The silver canopy supported by diamond encrusted pillars and decorated with emerald pendants is spread and tied fast with silken strings. A velvet *gaddi* is arranged under it with *zarwaf* (gold embroidered) pillows. Curtains are hung on all sides of the *Sabhanivas* and *saibans* (cloth-sheds) are spread outside to cover the open courtyard. The nobles and courtiers take their seats in rows assigned to them. They are Sisodiyas, Kamdhajas, Khinchis, Hadas, Gaudas, Bundelas, Jadavas, Jats, Sikhs, Shekhawatas, Nathawatas, Kumbhawatas, Narukas, Kumbhanis, Pachanots, Balapotas, Rajavats, Bhatis and others who come from various places with different missions. The king is apprised of their presence. He puts on the durbar costumes, turban (just like a *mukuta), chhcnga,turra* and *kalangi* (plumes) of pearls, *kiran rumal* (scarf decorated with kiran), an embroidered *jama*, ear-rings with white, red and bluish pearls representing *Shukra*(Venus), *Mangala* (Mars) and *Budha* (Mercury) stars, embroidered and embedded *partala* (belt), *aliband* to stick the shield in his waist, a dagger tied up and he holds a long sword called *dhoop* in his hand. Thus dressed the Lord of Amber proceeds to the durbar-hall followed and attended by hundreds of his body- guards, khawasas and officials. The water-man carries *Gangajala* in a *jhari* (a decorative water container), an attendant holds the golden *qalamdan* (ink-stand) while others bearing swords, shields, *gurza* (mace), *sotas pankhis* and *adanis* (the royal fans) follow him. When the Maharaja enters the durbar-hall the *chobdar* (herald) announces his arrival; the nobles and courtiers salute him, the pandits and poets offer their benedictions. Then he adores the royal *gaddi* and attends to state business and petitions submitted by the representatives of different states. He then turns to the *gunijanas* (artistes). The pandits have their discussions on the six shchools of philosophy, the poets recite their eulogical poems, the bards read aloud the glory of the family, the musicians perform the six *ragas* and thirty *raginis*,

After holding the durbar for one *pahar* (about three hours) the king retires *via Sarvatobhadra* and all the courtiers are granted permission to leave.



After changing his dress the king then practises archery. He is expert in shooting arrows with his both hands. Then he takes his bath and wears another dress. His *hamam* (bath house) is equipped with requisites for all seasons.

*Chandanis* (white sheets) are then spread on the open terrace in front of *Sukhanivasa*. Candles and incense sticks are lit up on silver *chowkis* and *jhars*(artificial trees). The Maharaja comes and takes his seat on the *gaddi*. He plays chess for some time and then orders for the performance of dance. The *darogha* leads the artistes (*gunijanas)* through *Chatar-ki-aar*. After salutations they set their instruments-*mridanga, sitar, taar, kartar, veena, kinnar, kanur, dayara, tukada, sarangi, bansi and algoja* etc. and then give an *alap* (modulate their voice) and the dancers begin to show their feats singing loudly in seven tunes and three *gramas*. Some of them resemble *Rati*, *Rambha* and other damsels adorning the court of Indra. Some are of fair complexion, some darkish and others of the *champaka* colour. They look quite innocent and tremulous as they dance with loose hair-locks. Some sing in *jeel* (a low voice) and some in *kharaj*. They make beautiful gestures with their eye-brows and attract the spectators. Some dance on salvers, some with mirrors and some on swords. They move zigzag and straight, sing all the six *ragas* and thirty *raginis*. Thus having pleased the king with their performances they receive heavy rewards. The programme ends at about midnight. It is then reported that the dinner is ready and the king proceeds to have it. After dinner he retires to his inner appartments. A group of eunuchs attends on him. This then is the daily routine of the Maharaja."

**War with the Scindia**

The battle of Lalsot (Tunga) was a praise winning event in the life of Sawai Pratap Singh as it was a decisive battle in the series of warfares with the Marathas who, after the death of Sawai Jai Singh, had started to advance beyond Malwa in order to penetrate into Rajasthan (then Rajputana). After the battle of Panipat in 1761 A. D. they had rebuilt their strength within a year or so and made rapacious raids within the territory of the states of Rajasthan. They exacted exhorbitant amounts from the Rajput chiefs,

इंद्र हू के इंद्र जस गावत फनिंद्र च्यारि
जुग के नरिंद्र सो महिन्द्र रामचंद्र हैं ॥७॥

छप्पय

गौर रूप अभिराम राम मन धाम सुलछन ।
सेस चारु अवतार भार भव हरत ततछन ॥
इंद्रजीत रन जीत स्वांम के कांम सुधारन ।
ग्यांनवान कुल भांन दयामय भक्त उधारन ॥
कटि निषंग कर चाप गहि 'कृष्णदत्त' तारनतरन ।
रघुबंसतिलक दसरथ्थ सुत बीराधिबीर लछिमन-सरन ॥८॥

द्वापर में राजा अस्यबरण, राजा प्रसस्वति और राजा पुराणां मैं बिदित छै । संछेप सौं कहौं छौं । कलजुग मैं राजा दूलहराय, ज्यां ढूंढा नामै राक्षस नैं मारि ढुंढार में अमल कियौ, राजा पज्जौणि, ज्यां गुजरात मैं अमल कियौ, गोरी पातसाह सों दंडि लियो । फेरि राजा प्रथ्वीराजजी हुआ सो बड़ा हरिभक्त हुआ । ज्यांसों बारा कोटड़ी[2] हुई । राजा मांनसिंघजी हुआ ज्यां दस दिशा में अमल कियो । बाईस मैदान वे जीत्या ।[3] अर समद्र मैं षांडो पषालयौ । समुद्र मैं सूं सिलादेवी ल्याया ।[4] दांतणि करतां कोटि सात को दान कियो ।[5] वांकै महाराजकुमार जगत-सिंघजी हुआ । पूरब दिसा में पठाण ईसनषां नें मार्‌यो ।[6] दिन एक मैं हाथी तीनसै दिया । राजा महासिंघजी हुआ सो बडा प्रतापी हुआ । मिरजा राजा जैसिंघजी हुआ । बड़ा बड़ा सहर क्षेत्र जींठै पुरा बसाया ।[7] साहसूजा नें भगायो ।[8] देस दक्षण सर कियो । सेवा राजा नें पकड़ि दिल्ली षनायो । राजा रामसिंघजी हुआ । सेवा राजा नैं पातस्याह सों छुडाय दिषण आपणों करि जीवदांन देय षिनायो ।[9] या बात पेसवै सुणि नांक मल घालो । नाना फडनोस[10] ओड़ो देषवा लागो । नाना फडनीस कही- सांच छै, वो घर ऐसो ही है । कबियों कहो- आगै कहो । वांकै महाराज (कँवार) किसनस्यंवजी हुआ । सो वड़ा प्रतापी । वांकै राजा बिसनसिंवजी हुआ । जाटनें जेर करि ब्रज में आपणी दुहाई फेरो । वाँकै महाराज श्रीसवाई जैसिंघजी हुआ । सवाई जैपुर बसायो ।[11] अस्वमेध जग्य कियो ।[12] दिली में जेजियो छुड़ायो ।



वाकै श्री महाराज माधौसिंघजी हुआ । गाजदीषां की राडि में मनसूरअली नं बचायौ । रणथंभौर में अमल कियो ।[13] प्रताप हीं सों फौज जाट जवाहरमल नं लूट्यो । वांकै श्री महाराजाधिराज श्री सवाई प्रतापसिंहजी गादी बिराजमान सो बड़ा प्रतापी बिदत ॥

पेसवै कही - संवारा सूं ऊठि सध्या तांई राजकाज कांई करै, सो कहौ ।

Bangha excerpt begins here, then skips ahead

कबि कही—च्यार घड़ी राति रह्यां बंदीजन बिरद बंस को पढ़ै । आप सुणि ब्रह्ममहूरत में ऊठै, गुरां को ध्यान करैं । गऊ को दरस करैं, छाया-दांन[14] करैं, पग प्रथ्वी पर धरैं । रत्नां सूं जड़ी चौकी, जीं पर बिराजैं । दांतण करैं, अरजबेगी अरज करै । आपका बणाया पद गुणीजन भैरौं[15] बिभास मैं गावै । दांतण करि प्रातकृत्य करैं । स्नान सामा मंगावैं । गंगा-जल, त्रबेणी, गोमती, गंगासागर, हरिहर क्षेत्र, गोदावरी, अवंतिका, अवधि, पुस्कर, जमनाजल की प्रबंधिक कावड्यां आवै, ऊं जल सूं आप स्नान करैं ॥ पूजा में बिराजैं, पूजन पंचायतन[16] को करैं, बेद-मन्त्रां सूं करैं । फेरि नित्यदांन करैं ।

कबित्त

गऊदांन गजदांन अस्वदांन भूमिदांन, घरदांन तुलादांन अन्नदांन भारे हैं ।
'कृष्णदत्त' कहै पावैं गांवदांन छायादांन, रथ-सुषपाल-दांन महिमा अपारे हैं ॥
पंचरत्न रूपदांन हेमदांन ईछ्यादांन, और ग्रहदांन दान सोरह निहारे हैं ।
त्योंही सनमांन-दांन सुकबि सुजानन कों, ऐसे दीह दांन श्रीप्रतापसिंघ बारे हैं ॥९॥

सवैया

छेकत राह कुटंब की है गुन सस्त्र चलै न सुन्यो जग जोड़ा ।
दुष्ट के अस्व औ चिंता की सक्ति लै लूटत देह के पानिप होडा ॥
यो उपदेस कहै सिगरे 'कबि कृष्ण' लहौ सुष संपति घोडा ।
साहि प्रताप की दान-चमू लषि डूबत सिंधु सो दारिद दौडा ॥१०॥

### बार्ता

अस्या दान कासी का कास्मीर का पंडित ब्राह्मण पावै। श्री हजूर नित्यदांन करि पोसाक करैं। च्यार्यौं कानी षवास षोनपोस[17] भरि भरि भांति भांति की पोसाक नजरि करैं। जो षुस करै सो पहरैं। पोसाक करि श्री गोविन्ददेवजी कै पधारैं। या षबरि सुणि देस देस का राजा, भाई-बेटा, ताजीम,[18] खासचौकी,[19] उमराव, पंडत, कवीस्वर, भाट, चारण कौर बाँधि[20] मुजरा आसीरवाद नैं ऊभा रहैं। आप हथरथ[21] में सवार होय पधारैं। सगला मुजरा करैं। मुजरा आसीरबाद नजरि मैं ले। सगलांनैं लैर ले चंद्रमहल होय पधारैं। जैनिवास में होय पधारैं।

पेसवै कही—जैनिवास कांई ?

कवि कही—जैनिवास नाम बाग छै। असो बाग पृथ्वी पर नहीं। चंदण, अगर, चंपा, बकुल, बदाम, जासूणि, नींबु, आँवला, आंब, सिरचूं और भांति भांति की फुलवादि छै।। पाणी दोन्यूं ओड़ सूं नहरि चालै। फुहांरा छटै, चादरि छटै, असवारी ओडपास[22] होय चालै। या तरह देषि श्री गोबिंददेवजो कै पधारैं। भेट धरैं। दरसण करैं।। गुसांईजी आरती उतारैं। संषोदक ले। प्रदक्षणा करै। डंडवत करैं। विराजैं। दरोगा फोलषाना का हाथ जोडि अरज करै। हाथो मस्त मद झरै छै। बंधण तोडयां नांषै छै। हुकम हाथ्यां की तयारी को होय। आप हथरथ में सवार होय सुरंग होय मोतीबुरज[23] पधारैं। हाथी तयार ऊभो रहै। असवारी देषि सुंडाडंड ऊंचा करि हाजरी करै।[24] अगड़[25] में लडायां नें सामा होय। लाषां आदमी तमासो देषै, पगां में फिरै। साटबरदार, बांणबरदार, चरषीबरदार, भोई[26] ऊपर चढचा। असी तरह लड़ाई होय। कवि कही, हांथ्यां की लड़ाई को म्हारा पिता को बणायो छंद आवै छै सो सुणों।

कही-पढ़ो—

दोहा

बंदन गनपति को सु करि, हाथ जोरि सिवराम।
श्री प्रताप के लरत जे, गज बरनत अभिराम ।।१।।

छंद त्रभंगी

अभिराम अकारे सदमतवारे झरत पनारे मदवारे।
अंकुस नहि मानें भाल न माने अजब असाने सदवारे ।।



अगडन मैं घूमैं झुकि झुकि झूमैं रबि ससि चूमैं कदवारे।
जंजी (रनि) झारैं अरिन पछारैं (अरु) मेरु उछारैं हदवारे।।२।।

दोहा[27]

हदवारे भारे अति कारे अैंरावत को तरजैं।
श्री प्रताप के प्यार पूर छिन छिन अभिरन को गरजैं ।।३।।

छंद

गरजैं गुनवारे डीलन भारे परे पनारे ऊंडाले।
सांकर गहि तोरैं दिग्गज मोरैं नगबर फोरैं षुंडाले ।।
समुदन को सोकैं बज्रहि रोकैं सिंघन ठोकैं गुंडाले।
सुंदर सुषवारे भौंर-भंडारे कूरमवारे सुंडाले ।।४।।

दोहा

सुंडाले सायर अरु सूरे सेर मारु पन पूरे।
श्रीप्रताप के जालिम जहरी दंताले रंग रूरे ।।५।।

छंद

रंग रूरे रंगी बड़े अडंगी जाहिर जंगी जोर जगे।
सुर गंग झकोरैं कुमदन भोरैं तारे तारैं लोभ पगे ।।
भाई जमवारे भांय उतारे डील डरारे षूब षगे।
कदलीबनवारे अति भयकारे लषे धुतारे डान लगे ।।६।।

दोहा

डान लगे लंगर नहि मानैं करत महावत अरजैं।
श्री प्रताप को हुकुम भयो इन की लरनें की मरजैं ।।७।।

छंद

मरजैं लरने की रिस भरने की जस करनें की आरि अरे।
भोई जुरि आये रंग चढाये पीर मनाये प्यार भरे ।।
करि करि सु सलामैं बहुत कलामैं बनि सु मुलामैं पोस धरैं।
मन कों करि गड्ढे छलबल चड्ढे बडे उकड्ढे जोर परे ।।८।।

दोहा

जोर परे बंधन सब तूर मस्त अगड़ भड़ कूदे ।
श्री प्रताप को सीस नाय कुस्ती कों भये निमूदे ।।९।।

छंद

भये निमूदे रिस के तूदे छुटे असूदे सूध चले ।
भोई ललकारे कहि गुन भारे पोंछि पचारे प्यार-पले ।।
टक्कर भय भारी अति भयकारी षुलि सिवतारी ध्यान हले ।
रोसों भरि जुट्ट रद्दबर टुट्टे पै न अहुट्ट जोर झले ।।१०।।

दोहा

जोर झले जुट्ट नहि छुट्ट मानों अचल अपारे ।
गसकैं मसकैं नैक न चसकैं श्री प्रताप के प्यारे ।।११।।

छंद

प्यारे पनवारे गनगुनवारे जग मनवारे जोर लरैं ।
दावन के पूरे कठिन करूरे जीति जरूरे तोर करैं ।।
कल्लन सों कल्लैं जुटे सुभल्लैं देत उथल्लैं पै न परैं ।
बांके बिरदाले झरत पटाले महि-नग हाले वैं न टरैं ।।१२।।

दोहा

वैं न टरैं टारे मतवारे गजबी गैयर गाढे ।
श्री प्रताप सों अरज महावत करत कि रोसौं बाढ़े ।।१३।।

छंद

बाढे बल बांके निपट निसा के ककुभ दिसा के हारि डरैं ।
मन रन के गाढ़े खूनन बाढे जिमि जम ठाढे अकस भरैं ।।
सुंडन सों लपटें भरत सु हपटें डीलन चपटे नहि न टरैं ।
दैं दैं हुमकारे पेचन भारे भोय उतारे बिरुझि परैं ।।१४।।

दोहा

बिरुझि परैं पैंजां के पूरे गजबी गैयर गाढे ।
श्री प्रताप बोले सम राषौं आढैं बैर न बाढे ।।१५।।



छंद

बाढे बैरों कैं सम भैरों कैं नृप गैरों कै जोर जुटे ।
दंतन के टुट्टे कुंभन फुट्टे पीति सुलुट्टे गैन छुटे ।।
दानौ मतवाले षेत न हाले हने सु भाले तौ न हुटे ।
अति ही भयकारी चरषी झारी परी अंध्यारी नीोठि छुटे ।।१६।।

दोहा

नीोठि छुटे गोकुल बसंत[28] गज औरैं रहे तयारी ।
कौतुक देषि उठे हैं रीझै श्री प्रताप अवतारी ।।१७।।

छप्पय

औतारी रघुबंस पुन्य पूरो प्रबीन अति ।
बीर धीर हर पीर मीर मानी बिलंद मति ।।
सायर सेर सपूत सूर साचो निरसंका ।
बैरी बचै न येक हेरि मारै बल बंका ।।
उदभट्ट वदार धुअधर सु धनि मात पुत्र अैसौं जनैं ।
राजाधिराज 'सिवराम' कहि श्री प्रताप माधो-तनैं ।।१८।।

इसी तरै लडाई देषि सुरंग होय आतस[29] नामै चौगान घोड़ा फेरबा पधारै। ऊंठै जाति जाति का घोडा तयार ऊभा रहे। ऐरबी, ईराषी, षंधारी, तुरकी, भुठंती, गूंठ, काबिली, षुरासानी, दरयायी, काठ्यावाड़का, भीवरा थड़ी का, पांणी में चालै, दिनानाकंद। रंग ज्यांका नीला, कुमैत, मोती, सिराजी, महुआ, फूलवारी, गरड़ा, संदली, लषी, मुसकी, सिरगा, तेलिया और कितना ही रंग का। सुम[30] कटोरा सा, कान स्याहगोरका सा,[31] ऊंचा पूठा, छोटी गरदन, बड़ी छाती का, सांचा मन का। ज्यां पर जीन रत्नां सूं जड़्या। अैसा घोड़ांनै फेरैं। भाई बेटा ताजीम और उमराव साथ में फेरैं। चौगान[32] षेलैं। वां घोड़ां में सों कोई उमराव सराहै सो बकसीस करै।

कबित्त

चंचल चलाक चंचला के चाप चामकत,
झमकत चाले जे चलैया निधि आपके ।
'कृष्णदत्त' कहै थहरात मोती थार जैसें,
परी से उडान में निहारे थिर थापके ।।
पंछी बिन पछ के सुकछी अछी जाति वारे,
जलद जवान हैं न अैसे आपताप के ।
मृगन की राजी पछराजन की राजिन सों,
लेत सदा बाजी बाजी बकसे प्रताप के ।।३१।।

वार्ता

फेरि महलां पधारैं । षेद[33] मिटावैं, दरोगा अरज कांसा[34] की करैं । कांसो मंगावैं, श्री हजूर मंगसषानैं बिराजैं । भाई बेटा आस-पास जीमैं । आप वासना करि आचमन करैं । बीड़ा बँटै ।।

पेसवै पूछी— मगसषानों कांई ?

कबि कही—मगसषाना नांम कपड़ा को महल होय छै जींमैं माषी धसै नहीं ।

फेर सिरै-दरबार की तयारी को हुकम होय । दरोगा हुकम पाय ड्योढी ड्योढ़ी षबरि करैं । सैंकडां नकीब[35] देस देस का राजा, भाई बेटां उमरावां कै कहि आवै । सभानिवास[36] मैं बिछायत होय, सतरंजी, गादर, सुपेद चांदणी सी चादर, ज्यां पर मीरफरस[37] हीरा का, चंदोवो चांदी को, झालरि पन्नां की, षंभ हीरा का, रेसमीं रस्सां सों कस्यो, जीं कै नीचै गादी मषमल की, गावतकिया तकिय[38] जरबाफी, च्यार्‌यों कानी पड़दा सायवान । ई तरैं सों बिछायत होय । बड़ा बड़ा उमराव आप आपकी मिसिल[39] सम्हालि बरोबरि कोर बाँधि बैठै । सीसोद्या, कमधुज, षींची, हाडा, गौड़, बुंदेला, जादौं, जाट, स्यष्य,[40] सेषावत, नाथावत, कुंभावत, नरूका, कुंभाणी, पचाणोत, बालापोता, राजावत, भाटी, और देस देस का राजा, राजकाजी, आणि हाजर हुआ । या अरज होय । दोय पहर सरू होय । पोसाक दूसरी करैं । पाग मुकटसारसी कूंटादार, छोंगो[41] मोत्यां को, तुर्रो मोत्यां को, किलंगी मोत्यां की, किरण-



रुमाल[42], जरबाफी जोड़ जामौं, मोती कांनां मैं सुक्र, मंगल, नक्षत्र सारषा, माला मोत्यां की, लाल सौं मिली, पडतलो[43] जवाहर को जालदार, गला मैं अलीबंद,[44] ढाल कमरचाँ कटार बाँधि, हाथ में धूप,[45] आसपास चौकी षास सैंकडा षवास, औधालिया,[46] गंगाजल झारी, कमलदान सोना को, ढाल तरवारि, अडाणी,[47] घणा गुरजबरदार,[48] घणा सोटा-बरदार,[49] दोन्यूं कानी चौंर ढुरैं, मोरछल होय, अैयां आँबेरिनाथ सिरै दरबार पधारैं, चोबदार इतमाम[50] करै, राजा उमराव सलाम करै, पंडत कबीस्वर आसीरबाद करैं, आप श्री हजूर गादी बिराजैं, राजकाज करैं, देस देस का वकील अरज करै, राजकाज करि गुणीजन[51] पर नजरि होय, पंडित षट्सास्त्र की चरचा करैं, कबीस्वर जस पढैं, भाट चारण बिरद पढैं, कलावत[52] छः राग, तीस रागणी गावैं, पहर येक दरबार करैं, सर्वतोभद्र[53] महल सों पधारैं, सगलां नैं सीष होय, पोसाक दूसरी करैं, तीरंदाजी करैं, तीर दोन्यूं हाथां छोड़ैं, तीरंदाजी करि हमाम[54] न्हावैं, पोसाक और करैं ।।

पेसवै कही—हमाम बारा महीना न्हावैं ?

कबि कही—रिति-रिति का हमाम छै ।

फेर चाँदणीं की बिछाति को हुकम होय । दरोगा हुकम पाइ सुषनिवास महल[55] की चाँदणी में बिछाति करैं, बिछायत सुपेद चांदणी-सी, जीं पर चौकी चांदी की, ज्याँ पर झाड़ चांदी का, ज्याँ पर मोमबत्ती, अगरबत्ती । ई तरैं सों बिछायति होय । अरज होय, श्रीहजूर पधारैं । गादी बिराजैं । सतरंज षेलैं । हुकम नाँच की तयारी को करैं । दरोगा हुकम पाय महल चत्र की आड़[56] होय गुणीजन आवैं । सलाम करैं । साज मिलावैं । मृदंग, सितार, तार, कताल, बीणां, किन्नर, कानूर, दायरा, दुकड़, सारंगी, बंसी, अलगोजा । साज मिलाय आलाप करैं । ऊंचा गला करि नटवा[57] संगीत नाचैं । सात सुर तीनि ग्राम[58] सों रति असी, रंभा असी, इंद्र की सी अप्छरा महा प्रबीण कोई गोरी, कोई साँवली, चंपक बरणी, महा चंचल, केस खुल्या नाचैं । कोई जील[59] में गावैं, कोई षरज में गावैं, कोई भौंहाँ मरोडै, कोई ऊभाँ चित चोरै, कोई थाल मैं नाचै, कोई सीस सों सीसा उतारैं,[60] टेढी चाल सूधी आवै, छः राग, तीस रागणी गावै, कोई तेगधार[61] नाँचै । असा रंग

Bangha translation starts up again

अनेक करै, बहुत रिझावै, मौज[62] लाषाँ की पावैं। आधी राति होय, नांच बरखास होय। कांसा की अरज होय। काँसो जीमैं। मांही पधारैं। नादर की जमाति हाजर होय। इति नित्य-बर्नन।

पेसवै कही—सेंध्या की राड़ि[63] याद छै?

कबि कही—लड़ाई में हाजर छो।

कही—कहो।

दुनिया कहती हुई सींध्यो दिषण सों आवै छै, बड़ी फौज छै, दौलति पूर छै। साम दाम दंड भेद करि मुलक खोसतो आवै छै। छल सों राजां ने पकडै छै, धरती मैं अमल करै छै, और सारा जेर करि ढूंढार में आयौ। आम्हां साम्हाँ वकील फिरबा लाग्या। वकीलां मामलति ठहराई, या अरज हुई। श्री हजूर फुरमाई कै मुलक बिगड़सी, दिवाय द्यौ, मामलति दीन्हीं,। सेंधिये मामलति ले कही, धरती लेस्यों। जाणी दौलति ले लीन्हीं, फौज छै नहीं, सारी बाताँ टूट छै। पणि या जाणी नहीं कि गादी रामचंद्र की छै। कूच दर कूच ढुंढ़ार में आयो। डेरा फाल्यावास[64] किया।

पेसवै कही—फाल्यावास काँई?

कबि कही—फाल्यावास नामैं गांव छै जैंठै सरस्वति[65] नदी छै, ऊंठै आय कागद लिष्यो, थांनै बंदोबस्त करणो होय सो कीज्यो, धरती लेस्यों, बाढ लेस्यों। और दो जणां राज का चाकर सींध्या का साथ मैं छा सो फितूरी छा।

कागद आयो। अरज हुई। कागद बांच्यो, हंस्या अर गुस्सा सों लिषवायो, वांही पगां रहज्यो, म्हांनै आया जाणज्यो। कागद षिनायो। आप श्री गोबिंदजी कै पधारचा, दरसण किया। अरज करी, सींध्या नै देषि आपका दरसण करस्यों। जंगजीत को बरदांन हुओ। बरदान लेय अर बडां सूं सलाम करी, जोतस्यां नैं बुलाया, महूरत देष्यो। डेरा बाहर करवाया, तोबषानों नीकल्यो। बड़ी बड़ी तोबां ज्यां का गोला च्यारि च्यारि कोस पड़ैं,



हाथ्यां सूं खिंचै और दारू गोलां का छकड़ा बेसुमार नीसरचा और हजारां ऊंट जंबूरा[66] का नीसरचा और कैंची[67] बाण की बेसुमार नीसरी अर अस-वारी को हुकम हुओ। जंगी होदा बेसुमार, अंबाबाडचां[68] का ठट्ठ, नगारा नीसाण फौज पलटणि तयार होय आणि हाजर हुई। आप महूर्त साधि नालकी[69] सवार होय पधारचा। आगै हाथी पर श्री सीतारांम जी नैं चढाया फेर श्री हजूर हाथी पर चढ्या, नगारा बाज्या। अरबो बाजां[70] जैसो सब्द हुओ। आगै हाथी पर नीमांण पचरंग[71] साथ में हजारां सवार। नीसांण पाछै सैंकडां सुतरनालां,[72] वां पाछै जलेबी-तोबां,[73] तोबषानां को लोग। श्री सीतारांमजी को हाथी, मूंडा आगै जलेब[74]। श्री हजूर को हाथी। ओड़पास हाथो षवासी का ज्यां पर मोरछल करै। माही मुरातब[75] और सिलहपोसां[76] का ठाठ और असवारां का पैरा[77]। बड़ी फौज का ठाठ देष दुनियां कही—सींध्यो भाजै ई में सदेह नहीं। अयां सवार होय डेरा दाषिल हुआ, दूसरै दिन डेरा सांगानेर किया। आप डेरा दाषल हुआ। ऊंठै अजमेर का चाल्या राठौड़ सामल हुआ। नवाब हमदांनी[78] सामल हुओ और छत्री स्वामधरमी[79] सामल हुआ। फौज का ठाठ होता गया। या षबरि सींध्ये सुणी। पाछो कूच कियो। फोज में सटपटाबा लाग्या, नूर उतर गयो, कूच दर कूच पाछो कियो। अर सूरजबंस्यां की फौज डेरा पर डेरा करती चाली। अर सींध्यो भाज्यो जांणि कागद लिष्यो कै तूनैं भाजबो सलाह नहीं, तू वीर छै, थारै साथ घणां बीर छै। सींध्यै कागद बांच्यो अर लाज करि जुवाब लिषो। मूंनैं भाग्यो मति जाणज्यो, मैं थांनै षेत दियो छै[80]। अर थम्यो। तूंगा को षेत[81] झड्यो। सूरजबंस्यां की फोज में लड़ाई की तयारी हुई। सींध्या कै भी तयारी हुई। फोज मुहुमिल[82] हुई। दोन्यां कानी बड़ा दल; दोन्यूं फोजां में लडाई की तयारी हुई। अराबा[83] दग्या, पलीता[84] चमक्या, नगारा बाज्या। बड़ी तोब जलेबी-तोब, रहंकला, चादरचां, जंबूरा[85] येक ही साथ छूटैं, कैसी तरह? जिसी तरह बज्रां का बज्र छूटैं। छोटा बड़ा गोला पडै जिसी तरह कुरित का बादल पौंनबस होय ओला नाषैं। वां गोला सूं हाथी फूटैं, ऊंट गुडैं,

a few notes from the back of the Bahura book



...ा। इस युद्ध में शाही सेना की वाम पंक्ति पर मिर्जा राजा ...रामसिंह और खान दौराँ थे।

—सर यदुनाथ सरकार; औरंगजेब का इतिहास भा. 1-2; पृ. 291–292

9. जब मिर्जाराजा जयसिंह ने शिवाजी को दक्षिण से औरङ्गजेब के दरबार में भेजा तो बादशाह ने वचन भंग करके उनसे समुचित व्यवहार नहीं किया। उसने शिवाजी को कैद करके कुँअर रामसिंह की निगरानी में रख दिया। बादशाह के इस व्यवहार से कुँअर को बहुत दुःख हुआ और उसने शिवाजी को मुक्त कर देने हेतु कई बार निवेदन किया परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई।

उन्हीं दिनों रामसिंह के एक पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम किशोरदास रखा गया। (पोथीखाना स्थित मत्स्यदेश का इतिहास नामक अप्रकाशित पुस्तक के पृ. 310 के अनुसार यह किशोरदास रामसिंह की पासवान चम्पा खत्राणी से उत्पन्न हुआ था।) इस समय कुँअर की ओर से राजा, रईसों और नवाबों के यहाँ ताँबे, पीतल और चाँदी के बड़े-बड़े बक्सों में मिठाइयाँ, कपड़े और गहने आदि उपहारस्वरूप भेजे गये थे। एक दिन रामसिंह ने शिवाजी के बन्धन काट दिए और एक बक्से में बिठा कर उनको उनके राज्य में पहुँचा दिया। बादशाह के पूछने पर रामसिंह ने उत्तर दिया 'मैंने शिवाजी की ओर से बहुत प्रार्थना की परन्तु आपने उनको नहीं छोड़ा इसलिए वे चले गए। वे मेरे अधिकार में हैं आप कोई चिन्ता न करें।' बादशाह चुप हो कर रह गया।

—बादशाह बुरुञ्जी, आसाम के एस. के. भूयन कृत अंग्रेजी अनुवाद के आधार पर।

10. नाना फड़नवीस पेशवा बाजीराव द्वितीय का मन्त्री था। उसका देहान्त 1800 ई. में हुआ था।

11. सवाई जयनगर बसाने के समय वास्तुशान्ति, विनायकशान्ति और नवग्रह-शान्ति के निमित्त जगन्नाथ सम्राट को जो भूमि दी गई उसके पट्टे के अनुसार नए नगर की नींव पौष बुदि 1 संवत् 1784 (ता. 18 नवम्बर, 1727 ई.) कोर दी गई। एतत् सम्बन्धी फरदें राजस्थान अभिलेखागार, बीकानेर में सुरक्षित हैं।

—सनद क्रमांक 101; वंशावली (फारसी अनुवाद) ब्रिटिश म्यूजियम ओरियण्टल सं. 1271

12. बही जमाखर्च किरकिराखाना संवत् 1791 के अनुसार महाराजा सवाई जयसिंह ने अश्वमेध यज्ञ मिती सावण सुदी 9 दीतवार संवत् 1791 साल संवत् 1790 लागायत भादवा सुदी 11 संवत् 1791 तक किया था।



13. गाजीउद्दीनखाँ हैदराबाद के प्रथम निजाम का पौत्र था। वह अवध के नवाब सफदरजंग की सहायता से दिल्ली में मीरबख्शी बन गया। बाद में सफदरजंग का साथ छोड़कर वह मरहठों से मिल गया। बादशाह अहमदशाह (1748–1754 ई.) को तख्त से उतारने में उसका प्रमुख हाथ था। 1753 ई. में इन गड़बड़ियों को शान्त करने के लिए अहमदशाह ने सवाई माधवसिंह (प्रथम) को दिल्ली आमन्त्रित किया था। उनकी सफलता के उपलक्ष में उनको "माही मरातिब" पालकी तथा रणथम्भौर का किला प्राप्त हुआ। मन्सूर अली खाँ अवध का सूबेदार था। इसको शाहआलम ने अपना वजीर बना लिया था।

—भारतीय इतिहास कोश, पृ. 142 तथा

—हिस्ट्री आफ दी जयपुर स्टेट, मथुरालाल शर्मा पृ. 176

14. छायादान—घृत अथवा तेल से भरे कांस्यपात्र में मुखमण्डल एवं नाखूनों की छाया देखकर दान करने से अनिष्ट दूर होता है।

15. भैरव राग और विभास रागिनी। ये प्रातः काल में गाई जाती हैं।

16. वैदिक विधि से विष्णु, शिव, गणेश, सूर्य और शक्ति का नित्य पूजन। यह सवाई जयसिंह के समय से अब तक होता आ रहा है। अब भी सुखनिवास महल की पश्चिमी चाँदनी-स्थित मन्दिर में पञ्चायतन पूजन होता है। महाराजा सवाई रामसिंह (द्वि.) के समय तक स्वयं महाराजा पूजन करते थे। जिस तिबारी में यह मन्दिर स्थित है वह 'तिलक की तिबारी' कहलाती है।

17. पोशाकें थालों या खूमों में सजी रहती थीं जो ऊपर साफ कपड़ों (पोश) से ढँके रहते थे।

18. ऐसे सरदार जिनके आगमन पर महाराजा खड़े होकर स्वागत करते थे। कुछ सरदारों को आते और जाते दोनों बार अभ्युत्थान से सम्मानित किया जाता था। यह दोहरी ताजीम कहलाती थी।

19. ऐसे विश्वस्त जागीरदार जो महाराजा के विशिष्ट अंगरक्षक समझे जाते थे और महलों में उनकी चौकी (पहरा) रहती थीं।

20. पंक्तिबद्ध हो कर।

21. मनुष्यों द्वारा हाथ से खींचा जाने वाला (रिक्शा जैसा) छोटा रथ। यह गुडल्या भी कहलाता था।

22. आसपास, एक तरफ होकर।

23. गणगौरी बाजार स्थित चौगान (वर्तमान नगर-खेलप्रांगण स्टेडियम) के पास मोतीबुर्ज है। यह सवाई ईश्वरीसिंह द्वारा बनवाई गई थी।

24. शुण्डादण्ड (सूंड) ऊँचे करके अभिवादन करते।

25. जहाँ हाथी बंधते हैं उस स्थान या ठाण को अगड कहते हैं। इन 'ठाणों' के लकड़ी के मोटे-मोटे लठ्ठों की अर्गला लगी होती थी। मस्त हाथी अन्दर की ओर रहता था और दूसरा बाहर की ओर।

26. साटबरदार = सोटे या कोड़ेवाले; ये साबुन और तेल से चिकनाई हुई पृष्ठ-वाले घोड़ों पर सवार रहते थे। यदि हाथी प्रबल आक्रमण करता तो ये घोड़े सहित मोरी में घुस कर बाहर के चौगान में आ जाते थे। वृहदाकार हाथी मोरी में नहीं घुस सकता था। इस बड़े खेल के अनुकरण में छोटे बच्चे भी 'हाथी हाथी मोरी' खेल खेलते हैं। बाँण-बरदार और चरखीवाले बारूद से चलने वाले बाँण या तीर चलाकर हाथियों को अलग-अलग रुख में भगाते थे। हाथियों की देखभाल करने वाले महावतों के पास भार उठाने वाले लोगों की जाति 'भोई' कहलाती थी।

27. वास्तव में यह छन्द ककुभा है जिसका लक्षण यह है :—

कल धुर सोल बार सौ ककुभा, उप चौबोल कहावै।
सुणजै सौ सुभ छंद, जेणमें गुण सीतावर गावै।
—रघुबरजसप्रकाश, चारण किसनांजी आढाकृत, पृ. 71.

दो पंक्तियों में लिखने के कारण सम्भवतः कवि ने इसको दोहा लिख दिया है।

28. गोकुल-गज और बसंत-गज दो हाथियों के नाम हैं।

29. आतिश = अश्वशाला।

त्रिपोलिया बाजार स्थित यह स्थान अब 'महारानी गायत्रीदेवी मार्केट' नाम से जाना जाता है।

30. कटोरे जैसे खुर। सुम = खुर

31. स्याहगोर (सीयाह गोश नामक जानवर) जैसे काले और खड़े तीखे कान। इस जानवर से शेर भी डरता है।

32. घोड़ों पर बैठ कर गेंद खेलना। यह अब 'पोलो' खेल के नाम से जाना जाता है।

33. खेद = थकान।

34 कांसा = भोजन, जीमन। कांसे के पात्र में परोसे जाने के कारण कांसा कहा जाता था।

35. नकीब = उद्घोषक; महाराजा से भेट करनेवाले के नाम की घोषणा करने वाला; महलों से सरदारों और हाकिम अहलकारों को सूचना पहुँचाने वाला।



36. सभानिवास = दीवानखाना। यह सवाई माधवसिंह (प्रथम) के समय में बना। पहले सर्वतोभद्र (सरबता) में ही आम दरबार या सिरे दरबार होता था।

37. बिछायत को दबाए रखने के लिए पत्थर या धातु के बने हुए सुडौल भारी परन्तु छोटे स्तम्भ। राजा महाराजा नवाबों या अन्य धनवानों के यहाँ इन पर जड़ाई का काम भी होता था।

38. जरवाफी = जिसमें सोने चाँदी के तारों का काम हो।

39. मिसल = यहाँ निश्चित स्थान से तात्पर्य है।

40. स्यष्ष = सिख।

41. छोंगो = शिरोभूषण—कलंगी।

42. किरण रूमाल = ऐसा दुपट्टा जिसके (गोटों की सुनहरी या रूपहरी) किरण लगी हो।

43. पड़तलो = कमरपेटी जिसमें तलवार लटकाई जाती है।

44. अलीबन्द = ढाल बाँधने का कसना।

45. धूप = सीधी और लम्बी तलवार।

46. औधालिया = खवासों के सहायक या ओहदेदार।

47. अडाणी = चाँदी से मँढ़ी लम्बी डाँडी पर लगी हुई पान की आकृति की कपड़े से सजी हुई राजनिशानी।

48. गुरजबरदार = गदा जैसा शस्त्र रखनेवाला, रक्षक

49. सोटाबरदार = कोड़ा रखनेवाला।

50. इतमांम = एहतिमाम = निगरानी

51. गुणिजन = संगीत जानने वाले। यहाँ गायकों से तात्पर्य है।

52. कलावन्त = गानकला-विशारद।

53 सर्वतोभद्र = चन्द्रमहल के दक्षिण-पूर्व में एक बड़ा चौक है जिसमें सब ओर खुला (भद्र) एक सभामण्डप है। इसकी रचना तान्त्रिक सर्वतोभद्र मण्डल के आधार पर हुई है, जो महाराजा सवाई जयसिंह ने बनवाया था। राजवंश के सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्य इसी में सम्पन्न होते हैं। दरबार भी इसी में हुआ करते थे। आजकल दीवाने खास कहकर इसका परिचय दिया जाता है।

54. हमाम = स्नानगृह। यह प्रियतमनिवास चौक के उत्तरपश्चिम में स्थित है और अब भी हमाम ही कहलाता है।

55. चन्द्रमहल सप्तखण्डात्मक प्रासाद है। इसके द्वितीय खण्ड का नाम सुख-निवास है। संभवतः रानी सुखकँवर खींचण के नाम पर यह संज्ञा दी गई।
56. चत्र की ग्राड़ = जय निवास वाग के पश्चिम की ग्रोर एक लघुद्वार।
57. नटवा = नाँचने गाने वाले लड़के।
58. सप्त स्वर = षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत ग्रौर निषाद। तीन ग्राम :—स्वर समूह को ग्राम कहते हैं। इन तीनों ग्रामों के नाम षड्ज, मध्यम ग्रौर गान्धार है।
59. जील :—बहुत धीमा स्वर। सारंगी के मुख्य दो तारों के नीचे कसे हुए 17 तार जील कहलाते हैं। —राजस्थानी सबद कोस; पृ. 112
60. सीसा उतारै = यह नृत्य का प्रकार है जिसमें शीशे या ग्रारसी हाथों में लेकर नर्तकी इनको ताल ग्रौर लय के साथ ऊपर से नीचे की ग्रोर उतारती व फिर चढ़ाती हैं।
61. तेगधार = तलवार की धार
62. मौज = बख्शीस, प्रसन्नता।
63. संवत् 1824 में सवाई माधवसिंह प्रथम की मृत्यु हुई। उस समय देश में सर्वत्र ग्रराजकता फैल रही थी। मरहठे बहुत प्रबल हो गये थे। वे सब जगह लूट-मार करते। प्रजा उनसे पीडित थी। राजस्थान में जयपुर, जोधपुर ग्रौर मेवाड़ के राजा ग्रौर प्रजा भी उनसे त्रस्त हो रहे थे। ग्रपने बड़े भाई सवाई पृथ्वीसिंह का ग्रसमय स्वर्गवास हो जाने पर संवत् 1835 में सवाई प्रतापसिंह जयपुर की गद्दी पर बैठे। उनके मन में मरहठों के ग्रातंक से मुक्ति पाने की प्रबल इच्छा उत्पन्न हुई। ग्रतः उन्होंने ग्रपनी सम्पूर्ण सेनाग्रों का पुनर्गठन करके उनको सुसज्जित किया ग्रौर जोधपुर के राजा को भी ग्रपने पक्ष में कर लिया। उधर स्वर्गीय सवाई पृथ्वीसिंह के (तथाकथित) पुत्र मोहनसिंह के जयपुर की गद्दी पर हक का बहाना बनाकर माधवराव सिन्धिया जयपुर की ग्रोर बढ़ा। जयपुर से ग्रग्नि-कोण में लालसोट के पास तूंगा नामक स्थान पर जयपुर-जोधपुर ग्रौर मरहठी सेनाग्रों का मुकाबला हुग्रा। उसी युद्ध का ग्राँखों देखा हाल, ग्रपनी कल्पना ग्रौर वर्णन-चातुरी के साथ, कृष्णदत्त कवि ने यहाँ प्रस्तुत किया है।
64-65. फाल्यावास ग्राम ग्रौर सरस्वती नदी जयपुर से ग्रग्निकोण में लगभग 30 मील पर हैं।
66. ऊँट पर दो भारी नाल की बन्दूकें कैंची की तरह बाँध दी जाती थीं ग्रौर उन्हीं से मार करते थे। ऊँट घूमने में हलका ग्रौर फुर्तीला होता है। इस प्रकार ये बन्दूकें मशीनगन की तरह काम कर सकती थीं। इन बड़ी बन्दूकों को जुजरबे या जम्बूरे कहते हैं।
67. तोपों ग्रौर बन्दूकों की नालों को साधने के लिए कैंचीनुमा स्टेण्ड।
68. ग्रम्बाबाड़ी—छतरीदार हौदा ग्रम्बाबाडी या ग्रमारी; कहते हैं इसका ग्राविष्कार ग्रलाउद्दीन खिलजी के समय में हुग्रा था।



69. नालकी = खुली हुई पालकी।
70. मध्यकाल में भारत के राजों ग्रौर नवाबों के यहाँ किराये के ग्ररब निवासी सिपाही रहने लगे थे। इनका समूह बेड़ा कहलाता था। जब यह बेड़ा निकलता तो ग्रागे-ग्रागे बाजा (बैण्ड) बजता चलता था। यह ग्ररबी बाजा कहलाता था। बेड़ा ग्ररबियान उस बेड़े का नाम था। जयपुर में महाराजा सवाई मानसिंह (द्वि.) के बाल्यकाल तक सवारी में बेड़ा ग्ररबियान लगता था।
71. जयपुर का राजकीय झण्डा पाँच रंगों का था। इनका क्रम लाल, सफेद, पीला, हरा ग्रौर नीला था। सवाई मानसिंह द्वि. के समय में वह बदल कर लाल, पीला, सफेद, हरा ग्रौर नीला हो गया। इसका ग्राकार भी त्रिभुज से ग्रायत में परिवर्तित हो गया।

पहले कछवाहों का झण्डा सफेद ग्राँगन में कचनार के झाड़-युक्त था जो, भगवान् राम के समय से चला ग्राता था। राजा मानसिंह (प्र.) के समय में पाँच ग्रफगान सरदारों को जीत कर उनके झण्डे छीन लिए गए ग्रौर उन्हीं रंगों को गायत्री के मुखों एवं उषः कालीन प्राकृतिक रंगों के ग्रनुसार क्रमबद्ध करके पञ्चरंगध्वज बना लिया गया। तब से इसी का उपयोग होता रहा।
72. शुतर ग्रर्थात् ऊँटों की सहायता से ले जाई गई तोपें।
73. जलेब का ग्रर्थ है घेरा। जिन तोपों को सेना की रक्षा के लिए उसके चारों ग्रोर घेरे की ग्राकृति में लगाया जाता था वे जलेब की तोपें कहलाती थीं।
74. जलेब = चक्राकार रक्षा पंक्ति।
75. माह का ग्रर्थ है चन्द्रमा; माही का ग्रर्थ है मछली या मकर ग्रौर मरातिब का ग्रर्थ है सम्मान-चिन्ह। ये लंबे लठ्ठों या बाँसों पर लगे हुए मकर मुखाकृति एवं चन्द्र बिम्बानुकारी ग्राकृतियाँ हैं जिनपर सुनहरी मुलम्मा चढ़ा हुग्रा है। नीचे झण्डे लगे हुए रहते हैं।

सवाई जयसिंह ग्रौर उनके कनिष्ठ पुत्र सवाई माधवसिंह (प्रथम) के समय में मुगल बादशाहों की ग्रोर से जयपुर के राजाग्रों को ये सम्मान के रूप में प्रदान किए गए थे। जब महाराजा की सवारी निकलती तब ये चिन्ह लेकर तीन हाथियों पर तीन ग्रधिकारी बैठते थे। स्थानीय भाषा में इन चिन्हों को 'जौंरा भौंरा' भी कहते हैं।
76. सिलहपोस = जिरहबख्तरधारी रक्षक। इनका भी एक बेड़ा था। ये लोग महाराजा के विशिष्ट ग्रगरक्षक होते थे।
77. पैरा = पहरा।
78. हमदांनी = शाही सेनापति हमदानी बेग। यह मरहठों की सहायता के लिए ग्राया था परन्तु बाद में वह ग्रौर उसका पुत्र नजफ ग्रली सवाई प्रतापसिंह की तरफ ग्रा मिले। ये तूंगा के युद्ध में मारे गए।
79. स्वामधरमी = स्वामिभक्त।